# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा / माध्य / साप्र / बी–2 / 4351 / 1 / 2022 /192 दिनांकः 05.09.2023

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय) माध्यमिक

विषयः– विभाग में मंत्रालयिक सेवा का पुनर्गठन उपरान्त अधिशेष मंत्रालयिक कर्मचारियों के शाला दर्पण पर कार्यग्रहण करने के संबंध में।

प्रसंगः– शिविरा / माध्य / साप्र–I / बी–2 / 4425(75) / 19 दिनांक 09.09.2022।

उपरोक्त विषयान्तर्गत कार्यालय के प्रासंगिक परिपत्र का अवलोकन करें। शासन के निर्देशानुसार विभाग में मंत्रालयिक संवर्ग का पुनर्गठन किये जाने पर अधिशेष मंत्रालयिक कर्मचारियों के वेतन आहरण के लिये जारी प्रासंगिक परिपत्र में स्पष्ट किया गया था कि "नवीन स्वीकृत पद के सापेक्ष यदि कार्यरत मंत्रालयिक कार्मिक अधिक होने पर कार्यालय / संस्था में स्वीकृत अन्य समान उच्च ग्रेड–पे के रिक्त पद से वेतन आहरित किया जावे।"

यह ध्यान में आया है कि उक्त प्रासंगिक परिपत्र के विपरित संस्था प्रधानों द्वारा अधिशेष मंत्रालयिक संवर्ग के कार्मिकों को शैक्षिक कार्मिकों के रिक्त पदों के विरूद्ध इन्हें शाला दर्पण पर कार्यग्रहण करवाया जाकर वेतन आहरित किया जा रहा है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि विभाग में मंत्रालयिक संवर्ग के पुनर्गठन उपरान्त अधिशेष मंत्रालयिक सेवा के जिन कर्मचारियों को शैक्षिक पद के विरूद्ध शाला दर्पण पर कार्यग्रहण बतलाते हुये वेतन आहरित किया जा रहा है उनकी तत्काल शाला दर्पण से पद विरूद्ध कार्यग्रहण सूचना विलोपित करते हुये मंत्रालयिक संवर्ग के समान / उच्च रिक्त पद पर ऑनलाईन कार्यग्रहण करवाते हुये वेतन आहरण की व्यवस्था सुनिश्चित करावें।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

उप निदेशक (प्रशासन)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Signature valid
Digitally signed by Richhpal Singh
Designation: Deputy Director
Date: 2023.09.04 17:49:45 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 4654202